**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गतजिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहारनपुर की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(DWSM)समिति दिनांक 12.06.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त**

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जनपद स्तर पर गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक दिनांक 12.06.2023 को जिलाधिकारी सहारनपुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

| | |
|---|---|
| 1–मुख्य विकास अधिकारी सहारनपुर | (सदस्य) |
| 2–जिला विकास अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 3–प्रभागीय निदेशक एवं वनीकी प्रभाग सहारनपुर अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य। | (सदस्य) |
| 4–जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 5–जिला कृषि अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 6–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 7–जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 8–अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 9–अधिशासी अभियन्ता,वाटर रिर्सोसेज/सिंचाई सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 10–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, सहारनपुर। | सदस्य सचिव |
| 11–श्री प्रमोद मार्या, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0) | फर्म प्रतिनिधि |
| 12–श्री सचिन कुमार, मै0 गायत्री, रैमकी जे0वी0 सहारनपुर | फर्म प्रतिनिधि |
| 13–श्री विनीत अग्रवाल, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 सहारनपुर | फर्म प्रतिनिधि |

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर द्वारा अवगत कराया गया है किजल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद सहारनपुर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा फेज–2 हेतु मैसर्स गायत्री रैमकी (जे0वी0) को चयनित किया गया है तथा फेज–3 हेतु फर्म मैसर्स एन0के0जी0 प्राईमस (जे0वी0) को चयनित किया गया है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा फेज–2 एवं फेज–3 के अन्तर्गत कुल 1105 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये जा चुके है जिनमें फर्म मैसर्स गायत्री रैमकी (जे0वी0) को 571 नग राजस्व ग्राम एवं फर्म मैसर्स एन0के0जी0 प्राईमस (जे0वी0) को 534 नग राजस्व ग्राम आवंटित है।वर्तमान तक 1105 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु 706 नग डी0पी0आर0 विरचित कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति से संस्तुति/स्वीकृति उपरांत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी है, जिसके सापेक्ष 706 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (SLSSC)से स्वीकृत की जा चुकी है। 706 नग योजनाओं के सापेक्ष 681 नग (1062 राजस्व ग्राम) योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये 658 नग (1034 राजस्व ग्राम) कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। शेष 24 नग योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव द्वारा हस्ताक्षर नही किये जाने के फलस्वरूप लम्बित है, जिसके सम्बन्ध में पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रेषित किया जा चुका है। उक्त 24 नग योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जायेगी।

 

658 नग कवर अनुबन्ध गठन के सापेक्ष 480 नग (749 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं में नलकूप बोरिंग का कार्य प्रारम्भ करते हुये अन्य कार्य यथा गृह संयोजन, वितरण प्रणाली बिछाना, पम्प हाउस बाउन्ड्रीवॉल के कार्य, अवर जलाशय एवं सडक पुर्नस्थापना के कार्य कराये जा रहे है जिसकी प्रगति का विवरण फर्म वार निम्नानुसार है :–

1. **मैसर्स वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0**

फेज–2 के अन्तर्गत मैसर्स गायत्री रैमकी (जे0वी0) को आवंटित 127 नग (184 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं के सापेक्ष 127 नग (184 नग राजस्व ग्राम) के कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये फर्म की सबलेट एजेन्सी मैसर्स वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 द्वारा 112 नग (151 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं में निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 103 नग योजनाओं में बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कुल 1016 कि0मी0 पाईप लाईन के सापेक्ष 518 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 82 नग योजनाओं में पम्प हाउस निर्माण कार्य एवं 94 नग योजनाओं में बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 57 नग योजनाओं में अवर जलाशय के कार्य प्रारम्भ किये गये है जिसमें से 06 नग अवर जलाशय के कार्य पूर्ण किया जा चुका है, 07 योजनाओं में पी0सी0सी0 का कार्य, 02 नग योजनाओं में फाउन्डेशन का कार्य, 07 नग योजनाओं में स्टेजिंग का कार्य, 01 योजना में Bottom Dome का कार्य तथा 35 नग योजनाओं में खुदाई का कार्य किया गया है। फर्म द्वारा 49 नग (62 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं में पम्प लोअर कर 42 नग योजनाओं मेंटैस्टिंग का कार्य किया जा रहा है जिनमें से 12 नग योजनाओं में सोलर के माध्यम सेतथा 30 नग योजनाओं में डी0जी0 के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

अवगत कराया गया कि कार्यो की प्रगति बढाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) स्तर पर निरन्तर फर्म को पत्राचार किया जा रहा है परन्तु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अभी भी मैनपावर आवश्यकता के अनुरूप नही है तथा धीमी प्रगति से कार्य किया जा रहा है।57 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली का पूर्ण कर 30 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली के कार्य तथा 54 नग योजनाओं गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर 30 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य किया जा रहा है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा समस्त बोरिंग का कार्य, अवर जलाशय, सोलर प्लांट, पाईप लाईन एवं क्रियाशील गृह संयोजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष प्रगति एवं मैनपावर का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 सं0 | कुल योजनाओं की सं0 | योजना के घटक | प्रस्तावित | निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2023–24 | साप्ताहिक लक्ष्य | वर्तमान तक प्रगति | साप्ताहिक प्राप्ति | साप्ताहिक लक्ष्य की प्राप्ति हेतु लेबर /मशीनों की सं0 | उपलब्ध लेबर /मशीनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 127 | नलकूप | 127 नग | 15 जुलाई | 12 | 103 | 02 | 06 नग मशीन | 03 नग मशीन |
| 2 | | अवर जलाशय ($1^{st}$ Brace) | 127 नग | 30 जुलाई | 18 | 57 | 00 | 180 लेबर | 43 लेबर |
| 3 | | पाईप लाईन | 1016 (किमी) | 30 दिसम्बर | 20 | 520 | 14 | 120 लेबर | 153 लेबर |
| 4 | | गृह संयोजन | 70153 नग | 30 दिसम्बर | 1236 | 40488 | 845 नग | 90 लेबर | 85 लेबर |
| 5 | | सोलर प्लांट (Foundation) | 127 नग | 30 जुलाई | 27 | 18 | 03 | 84 लेबर | 16 लेबर |

उपरोक्त विवरण के अनुसार फर्म द्वारा आवश्यकता के अनुरूप मैनपावर नही बढाये जाने के कारण प्रगति संतोषजनक नही आ रही है। 127 नग योजनाओं के सापेक्ष 11 नग योजनाओं में विवाद है, जिसके निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में Online Meeting आयोजित कराते हुये सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी,

तहसीलदार, जल निगम एवं फर्म के साथ समीक्षा की जा रही है। 11 नग योजना जिनमें विवाद के निस्तारण हेतु अधोहस्ताक्षरी के हस्ताक्षर से पत्र निर्गत कराये।

2. <u>मैसर्स बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)</u>

फेज–3 के अन्तर्गत फर्म मैसर्स गायत्री रैमकी (जे0वी0) को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा Descope करने के उपरांत 251 नग (387 नग राजस्व ग्राम) योजनायें मैसर्स बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) को आवंटित की गयी है। आवंटित 251 नग (387 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं के सापेक्ष 234 नग (360 नग राजस्व ग्राम) के कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये फर्म द्वारा 152 नग (236 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं में निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 135 नग योजनाओं में बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कुल 2259 कि0मी0 पाईप लाईन के सापेक्ष 235 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 43 नग योजनाओं में पम्प हाउस निर्माण कार्य एवं 65 नग योजनाओं में बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 49 नग योजनाओं में अवर जलाशय के कार्य प्रारम्भ किये गये है जिसमें से शून्य नग अवर जलाशय के कार्य पूर्ण किया जा चुका है, 12 योजनाओं में पी0सी0सी0 का कार्य, शून्य नग योजनाओं में फाउन्डेशन का कार्य, शून्य नग योजनाओं में स्टेजिंग का कार्य, शून्य योजना में Bottom Dome का कार्य तथा 37 नग योजनाओं में खुदाई का कार्य किया गया है। फर्म द्वारा16 नग योजनाओं में मोटर पम्प की आपूर्ति का ऑर्डर किया जा चुका है जिसके सापेक्ष 03 मोटर पम्प की आपूर्ति कार्यस्थल पर करते हुये 02 योजनाओं में मोटर पम्प लोरिंग का कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा अभी तक किसी भी योजना में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है। जिस कारण से योजना के गृह संयोजन की Online Feeding नही की जा रही है।

अवगत कराया गया कि कार्यो की प्रगति बढाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) स्तर पर निरन्तर फर्म को पत्राचार किया जा रहा है परन्तु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अभी भी मैनपावर आवश्यकता के अनुरूप नही है तथा धीमी प्रगति से कार्य किया जा रहा है। 07 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली का पूर्ण कर 68 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली के कार्य तथा 02 नग योजनाओं गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर 32 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य किया जा रहा है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा समस्त बोरिंग का कार्य, अवर जलाशय, सोलर प्लांट, पाईप लाईन एवं क्रियाशील गृह संयोजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष प्रगति एवं मैनपावर का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 सं0 | कुल योजनाओं की सं0 | योजना के घटक | प्रस्तावित सं0 | निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2023–24 | साप्ताहिक लक्ष्य | वर्तमान तक प्रगति | साप्ताहिक प्राप्ति | साप्ताहिक लक्ष्य की प्राप्ति हेतु लेबर/मशीनों की सं0 | उपलब्ध लेबर /मशीनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 251 | नलकूप | 251 नग | 15 जुलाई | 50 | 152 | 16 नग | 40 नग मशीन | 27 नग मशीन |
| 2 | | अवर जलाशय (1st Brace) | 251 नग | 30 जुलाई | 52 | 45 | 00 | 416 लेबर | 94 |
| 3 | | पाईप लाईन | 2259 (किमी) | 30 दिसम्बर | 84 | 235 | 40 (किमी) | 600 लेबर | 320 लेबर |
| 4 | | गृह संयोजन | 135084 नग | 30 दिसम्बर | 5388 | 5762 | 1153 नग | 375 लेबर | 98 लेबर |
| 5 | | सोलर प्लांट (Foundation) | 251 नग | 30 जुलाई | 63 | 0 | 0 | 192 लेबर | 0 |

उपरोक्त विवरण के अनुसार फर्म द्वारा आवश्यकता के अनुरूप मैनपावर नही बढाये जाने के कारण प्रगति संतोषजनक नही आ रही है। 251 नग योजनाओं के सापेक्ष 13 नग योजनाओं में विवाद है, जिसके निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में Online Meeting आयोजित कराते हुये सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, जल निगम एवं फर्म के साथ समीक्षा की जा रही है। 13 नग योजनाओं के विवाद के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को समयबद्ध 15 कार्य दिवस के भीतर विवाद के निस्तारण हेतु अधोहस्ताक्षरी के हस्ताक्षर से पत्र प्रेषित करें।

3. <u>मैसर्स एन0के0जी0 प्राईमस (जे0वी0)</u>

फेज–3 के अन्तर्गत मैसर्स एन0के0जी0 प्राईमस (जे0वी0) को आवंटित 328 नग (534 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं के सापेक्ष 320 नग (518 नग राजस्व ग्राम) के कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये फर्म द्वारा 216 नग (362 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं में निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 205 नग योजनाओं में बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है,

कुल 2672 कि0मी0 पाईप लाईन के सापेक्ष 752 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 109 नग योजनाओं में पम्प हाउस निर्माण कार्य एवं 108 नग योजनाओं में बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 120 नग योजनाओं में अवर जलाशय के कार्य प्रारम्भ किये गये है जिसमें से शून्य नग अवर जलाशय के कार्य पूर्ण किया जा चुका है, 32 योजनाओं में पी0सी0सी0 का कार्य, 03 नग योजनाओं में फाउन्डेशन का कार्य, 14 नग योजनाओं में स्टेजिंग का कार्य, 02 नग योजना में Bottom Dome का कार्य, 01 नग योजना में Top Dome का कार्य तथा 68 नग योजनाओं में खुदाई का कार्य किया गया है। फर्म द्वारा 61 नग (100 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं में पम्प लोअर कर 54 नग योजनाओं में टैस्टिंग का कार्य किया जा रहा है जिनमें से 03 नग योजनाओं में सोलर के माध्यम से तथा 51 नग योजनाओं में डी0जी0 के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

अवगत कराया गया कि कार्यो की प्रगति बढाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) स्तर पर निरन्तर फर्म को पत्राचार किया जा रहा है परन्तु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अभी भी मैनपावर आवश्यकता के अनुरूप नही है तथा धीमी प्रगति से कार्य किया जा रहा है।64 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली का पूर्ण कर 75 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली के कार्य तथा 59 नग योजनाओं गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर 63 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य किया जा रहा है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा समस्त बोरिंग का कार्य, अवर जलाशय, सोलर प्लांट, पाईप लाईन एवं क्रियाशील गृह संयोजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष प्रगति एवं मैनपावर का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र0 सं0 | कुल योजनाओं की सं0 | योजना के घटक | प्रस्तावित | निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2023-24 | साप्ताहिक लक्ष्य | वर्तमान तक प्रगति | साप्ताहिक प्राप्ति | साप्ताहिक लक्ष्य की प्राप्ति हेतु लेबर /मशीनों की सं0 | उपलब्ध लेबर /मशीनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 251 | नलकूप | 328 नग | 15 जुलाई | 56 | 216 | 07 नग | 46 नग मशीन | 18 नग मशीन |
| 2 | | अवर जलाशय (1st Brace) | 328 नग | 30 जुलाई | 52 | 120 | 10नग | 608 लेबर | 148 लेबर |
| 3 | | पाईप लाईन | 2672 (किमी) | 30 दिसम्बर | 80 | 752 | 27 (किमी) | 520 लेबर | 534 लेबर |
| 4 | | गृह संयोजन | 160761 नग | 30 दिसम्बर | 4237 | 59059 | 3328 नग | 295 लेबर | 298 लेबर |
| 5 | | सोलर प्लांट (Foundation) | 328 नग | 30 जुलाई | 74 | 32 | 05 | 600 लेबर | 38 लेबर |

उपरोक्त विवरण के अनुसार फर्म द्वारा आवश्यकता के अनुरूप मैनपावर नही बढाये जाने के कारण प्रगति संतोषजनक नही आ रही है। 251 नग योजनाओं के सापेक्ष 13 नग योजनाओं में विवाद है, जिसके निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में Online Meeting आयोजित कराते हुये सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, जल निगम एवं फर्म के साथ समीक्षा की जा रही है। 13 नग योजनाओं के विवाद के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को पत्र निर्गत किया जाये तथा विवाद के निस्तारण हेतु जिनमें 10.07.2023 तक का समय दे। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही हेतु उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये।

बैठक में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा निम्न तालिकानुसार निर्देश दिये गये कि फेज-2 एवं फेज-3 में गठित कवर अनुबन्धों के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य ससमय पूर्ण करते हुए पेयजल आपूर्ति की जायें।

| क्र0सं0 | फेज | फर्म का नाम | कवर अनुबन्ध संख्या | कवर अनुबन्ध में सम्मिलित योजनाओं की संख्या | कार्य प्रारम्भ की तिथि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फेज-2 | मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी) | 280/ED/2021-22 | 56 | 02.03.2022 | 01.09.2023 |
| | | | 300/ED/2021-22 | 15 | 06.04.2022 | 05.10.2023 |
| | | | 44/ED/Phase-2/2022-23/ III | 21 | 05.08.2022 | 04.02.2024 |
| | | | 138/ED/Phase-2/ 2022-23/IV | 05 | 10.10.2022 | 09.04.2024 |
| | | | 141/ED/Phase-2/ 2022-23/V | 26 | 13.10.2022 | 12.02.2024 |
| | | | 813/ED/Phase-2/ 2022-23/VII | 04 | 11.05.2023 | 10.11.2024 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल योग | 127 | | |
| | फेज–3 | मै0एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी) | 82/ED/Phase-3/ 2022-23 | 32 | 03.09.2022 | 02.03.2024 |
| | | | 132/ED/Phase-3/ 2022-23/II | 32 | 10.10.2022 | 09.04.2024 |
| | | | 175/ED/Phase-3/ 2022-23/III | 03 | 05.11.2022 | 04.05.2024 |
| | | | 230/ED/Phase-3/ 2022-23/IV | 15 | 03.12.2022 | 02.06.2024 |
| | | | 254/ED/Phase-3/ 2022-23/V | 07 | 21.12.2022 | 20.06.2024 |
| | | | 258/ED/Phase-3/ 2022-23/VI | 18 | 23.12.2022 | 22.06.2024 |
| | | | 345/ED/Phase-3/ 2022-23/VII | 44 | 27.01.2023 | 26.07.2024 |
| | | | 381/ED/Phase-3/ 2022-23/VIII | 34 | 06.02.2023 | 05.08.2024 |
| | | | 499/ED/Phase-3/ 2022-23/IX | 30 | 27.02.2023 | 26.08.2024 |
| | | | 660/ED/Phase-3/ 2022-23/X | 19 | 25.03.2023 | 24.09.2024 |
| | | | 715/ED/Phase-3/ 2022-23/XI | 27 | 05.04.2023 | 04.10.2024 |
| | | | 765/ED/Phase-3/ 2022-23/XII | 17 | 17.04.2023 | 16.10.2024 |
| | | | 795/ED/Phase-3/ 2022-23/XIII | 24 | 28.04.2023 | 27.10.2024 |
| | | | 824/ED/Phase-3/ 2022-23/XIV | 14 | 15.05.2023 | 14.01.2025 |
| | | | कुल योग | 316 | | |
| | फेज–3 | मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा0 (जे0वी0) | 534/ED/Phase-3/ 2022-23/X | 71 | 10.03.2023 | 09.09.2024 |
| | | | 785/ED/Phase-3/ 2022-23/XIV | 28 | 25.04.2023 | 24.10.2024 |
| | | | 825/ED/Phase-3/ 2022-23/XVII | 85 | 15.05.2023 | 14.01.2025 |
| | | | कुल योग | 215 | | |

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

2. फेज–2 के अन्तर्गत फर्म मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0) द्वारा 127 नग योजनाओं का कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण हो जाने के पश्चात मात्र 101 नग योजनओं में नलकूप बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया है। पूर्ण किये गये नलकूपों की पानी की गुणवत्ता की जॉच NABL लैब से करायी जाये जिससे की नलकूपों के जल की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। फर्म द्वारा 1016 कि0मी0 पाईप लाईन के सापेक्ष 520 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछायी जा चुकी है तथा 70153 नग ग्रह संयोजनो के सापेक्ष 40488 नग कियाशील ग्रह संयोजन दिये जा चुके है। 127 नग योजनाओं में अवर जलाशयों के निर्माण कार्यो के सापेक्ष मात्र 57 नग योजनाओं में ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किये गये है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार फर्म द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रगति वांछित नही है जिसके सम्बन्ध में समिति द्वारा फर्म को मैनपावर बढाने हेतु निर्देशित किया गया तथा समिति की ओर से फर्म को नोटिस जारी करने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0)**

3– फेज–3 के अन्तर्गत फर्म मै0 एन0के0जी0 पाइमस (जे0वी0) द्वारा 316 नग योजनाओं का कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण हो जाने के पश्चात मात्र 216 नग योजनाओं मे नलकूप बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया है। पूर्ण किये गये नलकूपों की पानी की गुणवत्ता की जॉच NABL लैब से करायी जाये जिससे की नलकूपों के जल की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। फर्म द्वारा 2672 कि0मी0 पाईप लाईन के सापेक्ष 752 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछायी जा चुकी है तथा 160761 नग ग्रह संयोजनों के सापेक्ष 59059 नग कियाशील ग्रह संयोजन दिये जा चुके है। 316 नग योजनाओं में अवर जलाशयों के निर्माण कार्यो के सापेक्ष मात्र 120 नग योजनाओं में ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किये गये है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार फर्म द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रगति वांछित नही है जिसके सम्बन्ध में समिति द्वारा फर्म को मैनपावर बढाने हेतु निर्देशित किया गया तथा समिति की ओर से फर्म को नोटिस जारी करने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0।)**

4– फेज–3 के अन्तर्गत फर्म मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 (जे0वी0) द्वारा 215 नग योजनाओं का कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण हो जाने के पश्चात मात्र 152 नग योजनओं में नलकूप बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया है। पूर्ण किये गये नलकूपों की पानी की गुणवत्ता की जॉच NABL लैब से करायी जाये जिससे की नलकूपों के जल की गुणवत्ता सुनिश्चित

हो सके। फर्म द्वारा 2259 कि0मी0 पाईप लाईन के सापेक्ष 235 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछायी जा चुकी है तथा 135084 नग ग्रह संयोजनों के सापेक्ष 5762 नग कियाशील ग्रह संयोजन दिये जा चुके है। 215 नग योजनाओं में अवर जलाशयों के निर्माण कार्यो के सापेक्ष मात्र 45 नग योजनाओं में ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किये गये है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार फर्म द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रगति वांछित नही है जिसके सम्बन्ध में समिति द्वारा फर्म को मैनपावर बढाने हेतु निर्देशित किया गया तथा समिति की ओर से फर्म को नोटिस जारी करने हेतु निदेशित किया गया।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 (जे0वी0)

5– जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की आगामी बैठक में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा भी बैठक में प्रतिभाग किया जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)

6– फेज–2 के अन्तर्गत विवादित 11 नग भूमि एवं फेज–3 के अन्तर्गत विवादित 32 नग भूमि विवाद के निस्तारण हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को दिनांक 10.07.2023 तक विवाद के निस्तारण हेतु अधोहस्ताक्षरी के हस्ताक्षर से पत्र निर्गत करायें।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)

7– जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की आगामी बैठक में समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी द्वारा भी बैठक में प्रतिभाग किया जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)

8– जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि ग्राम दौलतपुर चापरचिडी में जिलाधिकारी महोदय द्वारा भ्रमण उपरान्त प्रकरणगत उक्त ग्राम में अवशेष वितरण प्रणाली एवं ग्रह संयोजन के कार्य शीध्र अतिशीध्र पूर्ण करते हुए पेयजल आपूर्ति की जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0।)

9– जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि पेयजल योजना के निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व भूमि पूजन जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0,
मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)

10– जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि Public Utilities को प्राथमिकता के आधार पर पेयजल से आच्छादित किया जाये एवं किसी भी दशा में कोई भी ग्रह संयोजन दूषित जलस्त्रोत के पास न दिया जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0,
मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)

11– जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि Public Utilities को प्राथमिकता के आधार पर पेयजल से आच्छादित किया जाये एवं किसी भी दशा में कोई भी ग्रह संयोजन दूषित जलस्त्रोत के पास न दिया जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0,
मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)

| क्र0सं0 | सदस्य | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य विकास अधिकारी | |
| 2 | जिला विकास अधिकारी | |
| 3 | प्रभागीय वनाधिकारी स्वंय अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य | |
| 4 | मुख्य चिकित्सा अधिकारी | |
| 5 | जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी | |
| 6 | अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिचांई | |
| 7 | जिला कृषि अधिकारी | |
| 8 | जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी | |
| 9 | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण सहारनपुर | |

नोट :– विशेष रूप से जिन ग्रामों में भूमि विवाद है और भूमि विवाद के निस्तारण के कारण योजनाओं का कार्य प्रारम्भ नही हो रहा है उनकी बैठक दिनांक 19.07.2023 को कराये तथा उक्त तिथि से पूर्व सम्बन्धित उपजिलाधिकारी विवाद का निस्तारण कराये अन्यथा की स्थिति में विवाद के निस्तारण हेतु किये गये प्रयास अथवा निस्तारण क्यो नही हुआ है उनके कारणों का उल्लेख करते हुये कावड मेला की समाप्ति के बाद दिनांक 19.07.2023 को समय 4:00 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में ग्राम स्तर के अधिकारी सम्बन्धित ग्राम प्रधान सहित बैठक में उपस्थित होकर कारण बताये कि योजना में किन कारणों से कार्य प्रारम्भ नही हो पा रहें है तथा समाधान हेतु सुझाव का प्रस्ताव भी भेजें।

03/07/2023
अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)
सहारनपुर।

3/7/2023
जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
सहारनपुर।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2–अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

3–संयुक्त प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

4–मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।

5–मुख्य अभियन्ता (मे0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) मेरठ।

6–मुख्य विकास अधिकारी, सहारनपुर।

7–अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर।

8–जिला विकास अधिकारी, सहारनपुर।

9–जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहारनपुर।

10–प्रभागीय वन अधिकारी, सहारनपुर।

11–अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग सहारनपुर।

12–जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर।

13–जिला कृषि अधिकारी, सहारनपुर।

14–जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, सहारनपुर।

15–समस्त खण्ड अधिकारी, जनपद अन्तर्गत।

16–टी0पी0आई0 / डी0पी0एम0यू0 सहारनपुर।

17–मै0 मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0 / मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 / मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।

03/07/2023
अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)
सहारनपुर।